भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय

लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं. 325
मंगलवार, 11 अगस्त, 2026/20 श्रावण,1948(शक) को उत्तरार्थ

सहकारी समितियों में प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण

†*325. **श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटीः**
श्री चन्द्र प्रकाश जोशीः

क्या **सहकारिता** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान सहकारी समितियों के पदाधिकारियों, निदेशकों और कर्मचारियों के क्षमता निर्माण, सहकारी शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिए कार्यान्वित किए गए कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है;

(ख) ऐसे कार्यक्रमों के अंतर्गत विशेषकर जलगांव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के साथ-साथ महाराष्ट्र और झारखंड सहित राज्य-वार तथा राजस्थान में जिला-वार कितने व्यक्तियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है;

(ग) क्या सरकार का विचार नए सहकारी प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना करने अथवा मौजूदा संस्थानों को सुदृढ़ करने का है;

(घ) यदि हां, तो विशेषकर जलगांव लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र सहित महाराष्ट्र और झारखंड का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार ने डिजिटल प्रशिक्षण, वित्तीय प्रबंधन, नेतृत्व विकास और कौशल उन्नयन के माध्यम से सहकारी शासन को सुदृढ़ करने के लिए कोई उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सहकारिता मंत्री
(श्री अमित शाह)

(क) से (ङ): संसद के पटल पर एक विवरणी रखी है ।

श्री कृष्ण प्रसाद टेन्नेटी और श्री चन्द्र प्रकाश जोशी, माननीय संसद सदस्यों द्वारा "सहकारी समितियों में प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण" के संबंध में पूछे गए दिनांक 11 अगस्त, 2026 को उत्तरार्थ लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 325 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) और (ख): सहकारिता मंत्रालय अपने प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से सहकारी समितियों के पदाधिकारियों, निदेशकों, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों, कर्मचारियों और सदस्यों के लिए क्षमता निर्माण, सहकारी शिक्षा और पेशेवर प्रशिक्षण कार्यक्रमों का संचालन करता है । विगत तीन वर्षों (2023-24 से 2025-26) के दौरान **8,18,415** प्रतिभागियों को शामिल करते हुए **12,824** प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए गए हैं। इन कार्यक्रमों में प्रशिक्षित व्यक्तियों का राज्य-वार ब्योरा **संलग्नक-I** पर दिया गया है ।

विगत तीन वर्षों के दौरान, महाराष्ट्र में **75,954** व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया जिसमें **जलगांव लोकसभा क्षेत्र** के **17 प्रतिभागी** शामिल थे । **राजस्थान में 44,911** व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया था और जिसका जिला-वार ब्योरा **संलग्नक-II** में दिया गया है । **झारखंड** में मंत्रालय के प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा **1,551** व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया । उपर्युक्त के अलावा, झारखंड राज्य सरकार ने भी पिछले तीन वर्षों में सहकारी क्षेत्र में 2,003 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया है, जिनका ब्योरा **संलग्नक-III** पर संलग्न है ।

(ग) और (घ): सहकार-आधारित आर्थिक मॉडल को बढ़ावा देने और एक उपयुक्त संस्थागत संरचना के निर्माण के माध्यम से देश में सहकारी आंदोलन को मजबूत करने के लिए सहकारिता मंत्रालय ने दिनांक 6 अप्रैल, 2025 से इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट आणंद (इरमा) को रूपांतरित करके सहकारी क्षेत्र में "त्रिभुवन" सहकारी यूनिवर्सिटी (टीएसयू) नामक एक राष्ट्रीय स्तर के विश्वविद्यालय की स्थापना की है ।

महाराष्ट्र से वैमनीकॉम पुणे, राजस्थान से आईसीएम जयपुर को टीएसयू के साथ संबद्धता प्राप्त हो गई है और सहकारी प्रशिक्षण केंद्र (सीटीसी), रांची, झारखंड ने भी टीएसयू के साथ संबद्धता के लिए आवेदन किया है।

(ङ): जी हां, मान्यवर । सरकार ने डिजिटल प्रशिक्षण, वित्तीय प्रबंधन, नेतृत्व विकास और कौशल उन्नयन के माध्यम से सहकारी शासन को मजबूत करने के विभिन्न उपाय किए हैं ।

भारत सरकार कार्यशील पैक्स के कंप्यूटरीकरण के लिए एक परियोजना कार्यान्वित कर रही है जिसके अधीन दिनांक 15.07.2026 तक 63,686 पैक्स को ईआरपी (एंटरप्राइज रिसोर्स प्लानिंग) आधारित कॉमन राष्ट्रीय सॉफ्टवेयर पर ऑनबोर्ड किया गया है । ईआरपी आधारित सॉफ्टवेयर पर कर्मियों की क्षमता निर्माण के लिए नाबार्ड द्वारा कुल 63,479 पैक्स को प्रशिक्षित किया गया है जिसका ब्योरा **संलग्नक-IV** पर संलग्न है ।

इसके अतिरिक्त, नाबार्ड बैंकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट (बीआईआरडी) और स्कीम ऑफ फाइनेंशियल असिस्टेंस फॉर ट्रेनिंग ऑफ कोऑपरेटिव बैंक्स पर्सनेल (SOFTCOB) कार्यक्रम के माध्यम से सहकारी समितियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रहा है । विगत तीन वर्षों में बीआईआरडी के माध्यम से कुल 4,287 प्रतिभागियों और SOFTCOB कार्यक्रम के माध्यम से 1,17,227 प्रतिभागियों को प्रशिक्षित किया गया है, जिनका ब्योर क्रमशः **संलग्नक-V** और **संलग्नक-VI** में संलग्न है ।

इसके अलावा, सहकारिता मंत्रालय ने अपने प्रशिक्षण संस्थानों के माध्यम से प्राथमिक कृषि क्रेडिट समितियों (पैक्स) के 30,271 सचिवों के लिए कॉमन सेवा केंद्र (सीएससी) सेवाओं पर 649 क्षमता निर्माण कार्यक्रम (ब्योरा **संलग्नक-VII** में दिया गया है), बहुउद्देशीय सहकारी समितियों (एमपीसीएस) के 11,592

पदाधिकारियों के लिए 260 कार्यक्रम (ब्योरा **संलग्नक-VIII** में दिया गया है) और सहकारी समितियों के 6,00,602 सदस्यों को लाभान्वित करने वाले 7,320 ग्राम-स्तरीय सहकारी जागरूकता कार्यक्रम (ब्योरा **संलग्नक-IX** में दिया गया है) संचालित किए हैं ।

*****

संलग्नक – I

वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक एनसीसीटी द्वारा प्रशिक्षण उपलब्धि का राज्य-वार ब्योरा				
क्रम सं.	**राज्य/संघ राज्यक्षेत्र**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**
1	आंध्र प्रदेश	2367	6299	3277
2	अरुणाचल प्रदेश	156	283	0
3	असम	10444	9214	14928
4	बिहार	14114	13292	14595
5	छत्तीसगढ़	309	815	609
6	दिल्ली	139	0	13
7	गुजरात	12770	10264	131
8	गोवा	209	105	18085
9	हरियाणा	3707	2674	4658
10	हिमाचल प्रदेश	135	28045	1514
11	झारखंड	792	756	3
12	कर्नाटक	13826	17944	18054
13	केरल	30262	45321	70772
14	मध्य प्रदेश	8018	10138	4224
15	महाराष्ट्र	30663	24090	21201
16	मणिपुर	5635	4778	8312
17	मेघालय	60	401	147
18	मिजोरम	0	76	144
19	नागालैंड	0	0	46
20	ओडिशा	9998	27399	9797
21	पंजाब	7463	7376	5671
22	राजस्थान	9311	22230	13370
23	सिक्किम	0	16	0
24	तमिलनाडु	23289	53325	38363
25	तेलंगाना	9448	5639	5696
26	त्रिपुरा	0	506	814
27	उत्तर प्रदेश	7993	9861	10429
28	उत्तराखंड	5898	4201	3249
29	पश्चिम बंगाल	12506	9371	5865
30	संघ राज्यक्षेत्र	2333	715	931
31	अन्य	5332	340	866
कुल		**227177**	**315474**	**275764**

संलग्नक – II

विगत तीन वर्षों (2025-26, 2024-25 और 2023-24) के लिए राजस्थान का जिला-वार डेटा

क्रम सं.	जिला का नाम	कार्यक्रमों की सं.	प्रशिक्षित प्रतिभागियों की सं.	कार्यक्रमों की सं.	प्रशिक्षित प्रतिभागियों की सं.	कार्यक्रमों की सं.	प्रशिक्षित प्रतिभागियों की सं.
	वित्तीय वर्ष	2023-24		2024-25		2025-26	
1	अजमेर	9	282	4	159	-	-
2	अलवर	7	270	8	368	1	58
3	अनूपगढ़	-	-	-	-	जिला अब विद्यमान नहीं है	
4	बालोत्रा	-	-	-	-	-	-
5	बांसवाड़ा	-	-	4	235	-	-
6	बारन	-	-	4	281	-	-
7	बाड़मेर	-	-	4	316	-	-
8	ब्यावर	-	-	-	-	-	-
9	भरतपुर	-	-	1	104	-	-
10	भीलवाड़ा	-	-	6	180	-	-
11	बीकानेर	-	-	3	209	2	63
12	बूंदी	-	-	3	222	-	-
13	चित्तौड़गढ़	-	-	4	252	-	-
14	चुरू	-	-	6	183	6	254
15	दौसा	9	407	4	204	-	-
16	डीग	-	-	-	-	2	109
17	डिडवाना-कुचामन	-	-	-	-	-	-
18	धौलपुर	-	-	-	-	-	-
19	डूडू	-	-	-	-	जिला अब विद्यमान नहीं है	
20	डूंगरपुर	-	-	1	106	-	-
21	गंगापुर शहर	-	-	-	-	जिला अब विद्यमान नहीं है	
22	हनुमानगढ़	15	446	4	228	2	98
23	जयपुर शहरी	59	2419	8	339	24	2659
24	जयपुर ग्रामीण	-	-	-	-	वर्तमान में दोनों जिलों का विलय हो गया है और जयपुर के नाम से जाना जाता है	
25	जैसलमेर	-	-	2	57	5	390
26	जालोर	-	-	5	214	-	-
27	झालावाड़	-	-	5	325	-	-
28	झुंझुनू	8	469	10	609	2	109

क्रम सं.	जिला का नाम	कार्यक्रमों की सं.	प्रशिक्षित प्रतिभागियों की सं.	कार्यक्रमों की सं.	प्रशिक्षित प्रतिभागियों की सं.	कार्यक्रमों की सं.	प्रशिक्षित प्रतिभागियों की सं.
	वित्तीय वर्ष	**2023-24**		**2024-25**		**2025-26**	
29	जोधपुर पूर्व	-	-	80	12346	6	295
30	जोधपुर पश्चिम	-	-	-	-	वर्तमान में दोनों जिलों का विलय हो गया है और जोधपुर नाम से जाना जाता है	
31	खैरताल-तिजारा	-	-	-	-	-	-
32	करौली	1	30	1	69	3	356
33	केकरी	-	-	-	-	जिला अब विद्यमान नहीं है	
34	कोटा	4	208	7	312	1	50
35	कोटपुतली-बहरोड़	-	-	2	100	4	533
36	नागौर	-	-	1	68	3	189
37	नीम का थाना	16	555	-	-	-	-
38	पाली	-	-	3	204	-	-
39	फलोदी	-	-	-	-	-	-
40	प्रतापगढ़	-	-	2	115	-	-
41	राजसमंद	-	-	1	54	3	128
42	सलम्बर	-	-	-	-	जिला अब विद्यमान नहीं है	
43	सांचौर	-	-	-	-	जिला अब विद्यमान नहीं है	
44	सहपुरा	-	-	-	-	जिला अब विद्यमान नहीं है	
45	सवाई माधोपुर	18	930	3	230	-	-
46	सीकर	65	1854	19	1079	2	89
47	सिरोही	5	224	2	117	4	129
48	श्रीगंगानगर	-	-	6	314	-	-
49	टोंक	-	-	4	231	6	445
50	उदयपुर	1	20	4	177	-	-
नोट:	राजस्थान के सभी जिला से प्रतिभागी	31	1425	34	1725	132	7686
	कुल	**248**	**9539**	**255**	**21732**	**208**	**13640**

संलग्नक-III

झारखंड राज्य द्वारा संचालित सहकारी प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्योरा:

वर्ष	जिला	सहकारी समिति	पाठ्यक्रम का ब्योरा	प्रतिभागी
2023-2024	रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, सराईकेला, पलामू, लातेहार, गढ़वा, कोडरमा, चतरा, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, चायबासा, चकरधरपुर, घाटशिला, जमशेदपुर	पैक्स/एलएएमपीएस (एमपीसीएस)	सहकारी अधिनियम, नियम, ऑडिट	304
		विशेष प्रकार की समितियां (जेएसएलपीएस)	वही	210
	कुल:-			**514**
2024-2025	रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, सराईकेला, पलामू, लातेहार, गढ़वा, कोडरमा, चतरा, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, चायबासा, चकरधरपुर, घाटशिला, जमशेदपुर	पैक्स/एलएएमपीएस (एमपीसीएस)	सहकारी अधिनियम, नियम, ऑडिट, पैक्स का कंप्यूटरीकरण, ईआरपी मॉड्यूल	409
		क्रेडिट सहकारी समितियां	सहकारी अधिनियम, नियम, ऑडिट, विभाग की योजना	21
		आवासन सहकारी समितियां	वही	17
		बुनकर सहकारी समितियां	वही	44
		मात्स्यिकी सहकारी समितियां	वही	57
		सेल्फ सपोर्टिंग सहकारी समितियां	वही	34
		सब्जी सहकारी समितियां	वही	14
		एफपीओ	वही	25
	कुल:-			**621**
2025-2026	रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा,	पीएसीएस/लैम्प्स (एमपीसीएस)	सहकारी अधिनियम, नियम, लेखा परीक्षा,	449

	सरायकेला, पलामू, लातेहार, गढ़वा, कोडरमा, चतरा, बोकारो, रामगढ़, हजारीबाग, चाईबासा, चक्रधरपुर, घाटशिला, जमशेदपुर		पीएसीएस ईआरपी मॉड्यूल का कंप्यूटरीकरण	
		विशेष प्रकार	सहकारी अधिनियम, नियम, लेखा परीक्षा, विभागीय योजना	142
		ऋण सहकारी समितियां	वही	39
		बुनकर सहकारी समितियां	वही	40
		सब्जी सहकारी समितियां	वही	24
		आवासन सहकारी समितियां	वही	22
		मात्स्यिकी सहकारी समितियां	वही	78
		सेल्फ सपोर्टिंग सहकारी समितियां	वही	41
		एफपीओ	वही	13
		दुग्ध सहकारी समितियां	वही	20
	कुल:-			**868**

संलग्नक-IV

प्रशिक्षण का ब्योरा: पैक्स का कंप्यूटरीकरण

क्रम सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र का नाम	प्रशिक्षित पैक्स की संचयी संख्या
1	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	46
2	आंध्र प्रदेश	1972
3	अरुणाचल प्रदेश	14
4	असम	552
5	बिहार	4421
6	छत्तीसगढ़	2028
7	दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव	4
8	गोवा	25
9	गुजरात	5754
10	हरियाणा	710
11	हिमाचल प्रदेश	1698
12	जम्मू और कश्मीर	533
13	झारखंड	1386
14	कर्नाटक	5238
15	लद्दाख	7
16	मध्य प्रदेश	4536
17	महाराष्ट्र	12000
18	मणिपुर	208
19	मेघालय	108
20	मिजोरम	25
21	नागालैंड	178
22	पुदुचेरी	45
23	पंजाब	3282
24	राजस्थान	6773
25	सिक्किम	107
26	तमिलनाडु	4532
27	त्रिपुरा	239
28	उत्तर प्रदेश	3062
29	उत्तराखंड	670
30	पश्चिम बंगाल	3326
कुल		**63479**

संलग्नक-V

विगत 3 वर्षों के दौरान सहकारी विकास निधि (सीडीएफ) के तहत सहायता प्राप्त बैंकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल डेवलपमेंट (बीआईआरडी) द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्योरा विवरण

वित्तीय वर्ष 2023-24

प्रशिक्षण संस्थान	संचालित कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की सं.
बीआईआरडी, लखनऊ	24	636
बीआईआरडी मंगलुरू	06	180
बीआईआरडी कोलकाता	16	434
कुल	**46**	**1250**

वित्तीय वर्ष 2024-25

प्रशिक्षण संस्थान	संचालित कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की सं.
बीआईआरडी, लखनऊ	24	698
बीआईआरडी मंगलुरू	11	305
बीआईआरडी कोलकाता	15	413
कुल	**50**	**1416**

वित्तीय वर्ष 2025-26

प्रशिक्षण संस्थान	संचालित कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की सं.
बीआईआरडी, लखनऊ	25	653
बीआईआरडी मंगलुरू	21	562
बीआईआरडी कोलकाता	14	406
कुल	**60**	**1621**

कुल – वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26

प्रशिक्षण संस्थान	संचालित कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की सं.
बीआईआरडी, लखनऊ	73	1987
बीआईआरडी मंगलुरू	38	1047
बीआईआरडी कोलकाता	45	1253
कुल	**156**	**4287**

संलग्नक-VI

वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के दौरान SOFTCOB प्रशिक्षण कार्यक्रमों का ब्योरा

क्रम सं.	राज्य का नाम	वित्तीय वर्ष _2023_24		वित्तीय वर्ष _2024_25		वित्तीय वर्ष _2025_26	
		संचालित SOFTCOB कार्यक्रमों की सं.	प्रशिक्षित कर्मियों की सं.	संचालित SOFTCOB कार्यक्रमों की सं.	प्रशिक्षित कर्मियों की सं.	संचालित SOFTCOB कार्यक्रमों की सं.	प्रशिक्षित कर्मियों की सं.
1	अंडमान और निकोबार	1	25	0	0	0	0
2	आंध्र प्रदेश	97	2,911	81	1,946	114	2,998
3	अरुणाचल प्रदेश	2	55	3	75	10	293
4	असम	26	873	28	840	26	839
5	बिहार	7	157	11	194	3	87
6	छत्तीसगढ़	0	0	0	0	0	0
7	दिल्ली	0	0	0	0	0	0
8	गोवा	2	74	3	90	2	61
9	गुजरात	71	2,152	70	2,160	66	1,878
10	हरियाणा	54	1,277	57	1,351	17	365
11	हिमाचल प्रदेश	37	989	46	1,284	54	1,633
12	जम्मू और कश्मीर	0	0	0	0	0	0
13	झारखंड	0	0	0	0	0	0
14	कर्नाटक	59	1,630	62	1,717	45	1,240
15	केरल	108	3,150	132	3,509	116	3,193
16	मध्य प्रदेश	73	2,689	98	3,505	96	3,298
17	महाराष्ट्र	99	2,595	91	2,097	74	1,911
18	मणिपुर	13	383	12	343	0	0
19	मेघालय	6	174	6	178	3	87
20	मिजोरम	0	0	2	60	2	60
21	नागालैंड	0	0	0	0	0	0
22	ओडिशा	68	2,002	63	1,728	60	1,756
23	पुदुचेरी	0	0	0	0	0	0
24	पंजाब	182	4,158	75	1,655	73	1,650
25	राजस्थान	49	1,003	61	1,432	59	1,451
26	सिक्किम	0	0	0	0	0	0
27	तमिलनाडु	204	5,055	191	4,350	183	6,230
28	तेलंगाना	115	2,805	102	2,515	119	3,310
29	त्रिपुरा	0	0	0	0	0	0
30	उत्तर प्रदेश	92	3,169	126	3,873	120	3,655
31	उत्तराखंड	29	724	28	639	28	577
32	पश्चिम बंगाल	57	1,751	44	1,260	138	4,053
	कुल	**1,451**	**39,801**	**1,392**	**36,801**	**1,408**	**40,625**

संलग्नक-VII

सीएससी सेवाओं पर पैक्स के सचिवों का क्षमता निर्माण						
क्रम सं.	**एनसीसीटी के संस्थानों के नाम**	**राज्य**	**लक्ष्य**		**प्राप्ति**	
			पैक्स की सं.	**प्रशिक्षण बैच की सं.**	**पैक्स की सं.**	**प्रशिक्षण बैच की सं.**
1	आईसीएम, भोपाल	मध्य प्रदेश	1900	38	2180	49
		छत्तीसगढ़	650	13	754	16
2	आईसीएम, भुवनेश्वर	ओडिशा	500	10	445	10
3	आईसीएम, चेन्नई और मदुरै	तमिलनाडु	3800	76	4097	60
		पुदेचेरी	50	1	24	1
4	आईसीएम, देहरादून	उत्तराखंड	500	10	581	10
5	आईसीएम, गुवाहाटी	असम	550	11	541	18
		मेघालय	50	1	58	3
		मिजोरम	0	0	11	1
6	आईसीएम, जयपुर	राजस्थान	4350	87	3928	85
7	आईसीएम, लखनऊ	उत्तर प्रदेश	4450	89	4029	96
8	आईसीएम, हैदराबाद	तेलंगाना	350	7	380	8
		आंध्र प्रदेश	1600	32	1812	30
9	आरआईसीएम, बेंगलुरू	कर्नाटक	950	19	1148	19
10	आरआईसीएम, चंडीगढ़	हिमाचल प्रदेश	600	12	522	12
		जम्मू और कश्मीर	400	8	417	10
		हरियाणा	150	3	164	4
		पंजाब	700	14	773	25
11	आरआईसीएम, गांधीनगर	गुजरात	1550	31	1475	34
12	आरआईसीएम, कल्याणी	त्रिपुरा	150	3	161	4
		पश्चिम बंगाल	50	1	27	1
		सिक्किम	0	0	16	1
13	आरआईसीएम, पटना	बिहार	2250	45	2096	57
		झारखंड	950	19	754	24
14	वैमनीकॉम पुणे	महाराष्ट्र	3500	70	3817	70
15	एनसीसीटी				61	1
महाकुल			**30000**	**600**	**30271**	**649**

संलग्नक-VIII

एमपीसीएस का प्रशिक्षण - जून 2025 से जून 2026

क्रम सं.	संस्थान का नाम	शामिल राज्य	संचालित कार्यक्रमों की सं.	प्रशिक्षित प्रतिभागियों की सं	कवर किए गए MPACS/ MDCS/ MFCS	कवर किए गए जिले
1	वैमनीकॉम, पुणे	महाराष्ट्र	13	667	84	5
2	आरआईसीएम बेंगलुरू	कर्नाटक	6	298	84	14
3	आरआईसीएम चंडीगढ़	हिमाचल प्रदेश, हरियाणा	24	949	202	19
4	आरआईसीएम गांधीनगर	गुजरात	72	3,115	494	55
5	आरआईसीएम पटना	बिहार	4	200	4	2
6	आरआईसीएम कल्याणी	पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा	32	1,500	272	32
7	आईसीएम भोपाल	मध्य प्रदेश	3	83	19	3
8	आईसीएम भुवनेश्वर	ओडिशा	5	160	28	2
9	एनआईसीएम चेन्नई	तमिलनाडु	2	45	11	7
10	आईसीएम देहरादून	उत्तराखंड	5	129	61	3
11	आईसीएम गुवाहाटी	असम, मिजोरम, मेघालय	16	636	281	15
12	आईसीएम हैदराबाद	तेलंगाना	11	311	75	13
13	आईसीएम इंफाल	मणिपुर	10	351	80	8
14	आईसीएम लखनऊ	उत्तर प्रदेश	45	2,613	697	67
15	आईसीएम मदुरै	तमिलनाडु	2	60	18	8
16	आईसीएम नागपुर	महाराष्ट्र	7	354	40	3
17	आईसीएम पुणे	महाराष्ट्र	3	121	46	1
		कुल	**260**	**11592**	**2496**	**257**

संलग्नक-IX

वर्ष 2022-23 से 2026-27 (जून, 2026 तक) का संस्थान-वार ग्राम स्तरीय सहकारी जागरूकता कार्यक्रम (स्केलिंग अप) के आंकड़े

क्रम सं.	संस्थान के नाम	2022-23		2023-24		2024-25		2025-26		2026-27		कुल		क्षेत्राधिकार (राज्य)
		कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की सं.	कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की सं.	कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की सं.	कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की सं.	कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की सं.	कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की सं.	
1	वैमनीकॉम, पुणे	48	6387	115	10558	35	3970	100	5625	0	0	298	26540	संपूर्ण भारत
2	आरआइसीएम बेंगलुरू	27	4225	56	9072	104	12574	141	12055	17	761	345	38687	कर्नाटक
3	आरआइसीएम चंडीगढ़	100	9445	70	6330	50	4338	108	7462	38	1863	366	29438	पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर तथा दिल्ली
4	आरआइसीएम गांधीनगर	68	7420	120	9000	168	7709	230	10000	65	5833	651	39962	गुजरात
5	आरआइसीएम कल्याणी	92	6935	106	9011	71	6194	10	912	0	0	279	23052	पश्चिम बंगाल, सिक्किम, त्रिपुरा तथा अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह
6	आरआइसीएम पटना	19	830	86	5637	72	3781	71	4041	21	494	269	14783	बिहार, झारखंड
7	आइसीएम भोपाल	54	6822	101	5631	94	4804	35	2403	23	1366	307	21026	मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़
8	आइसीएम भवुनेश्वर	85	7991	124	6108	127	4463	157	5962	23	1093	516	25617	ओडिशा
9	आइसीएम चेन्नई	27	3253	55	10855	40	8016	103	16462	34	3762	259	42348	तमिलनाडु, पॉन्डिचेरी
10	आइसीएम देहरादून	147	7883	73	3538	37	1788	33	1434	6	271	296	14914	उत्तराखंड

क्रम सं.	संस्थान के नाम	2022-23		2023-24		2024-25		2025-26		2026-27		कुल		क्षेत्राधिकार (राज्य)
		कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की सं.	कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की सं.	कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की सं.	कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की सं.	कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की सं.	कार्यक्रमों की सं.	प्रतिभागियों की सं.	
11	आइसीएम गुवाहाटी	76	7577	53	8141	33	4161	46	12844	19	748	227	33471	असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम
12	आइसीएम हैदराबाद	54	6979	75	7473	114	7259	96	3130	27	711	366	25552	आंध्र प्रदेश, तेलंगाना
13	आइसीएम इंफाल	60	7315	55	4267	27	1651	70	3386	14	485	226	17104	मणिपुर, नागालैंड
14	आइसीएम जयपुर	69	5044	214	8325	22	1201	115	8108	42	3832	462	26510	राजस्थान
15	आइसीएम कन्नूर	43	6461	79	9976	122	20798	254	27662	52	2668	550	67565	केरल
16	आइसीएम लखनऊ	65	5585	36	1962	47	3868	44	4220	11	778	203	16413	उत्तर प्रदेश
17	आइसीएम मदुरै	54	6154	94	8065	41	4626	100	10014	12	1118	301	29977	तमिलनाडु, पॉन्डिचेरी
18	आइसीएम नागपुर	77	5340	97	7325	104	5699	129	7128	24	983	431	26475	महाराष्ट्र, गोवा
19	आइसीएम पुणे	187	8215	138	8919	54	3783	113	2922	16	347	508	24186	महाराष्ट्र, गोवा
20	आइसीएम तिरुवनंतपुरम	122	4329	133	12787	53	11760	137	25119	15	2987	460	56982	केरल
	कुल	**1474**	**124190**	**1880**	**152980**	**1415**	**122443**	**2092**	**170889**	**459**	**30100**	**7320**	**600602**	

*****